GOVERNMENT OF HARYANA / हरियाणा सरकार

# Directorate School Education
# विद्यालय शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development
School Education Haryana
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

Off.: Shiksha Sadan, Sector 5, Panchkula, Haryana 134109 (India) - Tel: 91(0172)-2560246 Fax: 91(0172)-2560253
कार्यालय: शिक्षा सदन, सैक्टर 5 पंचकूला–134109 (भारत) दूरभाष : 91 (0172) 2560246 फैक्स 91 (0172) 2560253
e-mail: edusecondaryhry@gmail.com - site: www.schooleducationharyana.gov.in

सेवा में,

राज्य के सभी
जिला शिक्षा अधिकारी,
जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी,
जिला परियोजना समन्वयक,
खण्ड शिक्षा अधिकारी,
राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों के स्कूल मुखिया/प्रभारी।

यादी क्रमांक:– KW 20/1-2016 ACD (1)
दिनांक:– 01.04.2021

**विषय:–** **136 राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों तथा 1418 राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों (Bag Free English Medium Schools) में आवेदन एवं दाखिला प्रक्रिया के सन्दर्भ में।**

****

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में उल्लेख है कि राज्य के खण्ड/विधानसभा स्तर पर 136 विद्यालयों की स्थापना की गई है। CBSE बोर्ड के इन विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके साथ–साथ महाग्रामों, कस्बों तथा शहरों में 1418 राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय (Bag Free English Medium Schools) बनाये गए हैं। इन विद्यालयों की स्थापना का उद्देश्य उत्कृष्ट ढांचागत सुविधा प्रदान करते हुए "Centre of Excellence" बनाना है। उपरोक्त विद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है जो निम्नानुसार है:–
है।

1. **राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया:–** प्रत्येक विद्यालय मे कक्षा पहली से नौंवी के लिए अंग्रेजी माध्यम का एक अतिरिक्त अनुभाग (सैक्शन) आरम्भ किया जाएगा जिसमें कक्षा पहली से पांचवीं के लिए अधिकतम 30, कक्षा छठी से आठवीं के लिए अधिकतम 35 तथा कक्षा नौंवी एवं ग्यारहवीं के लिए अधिकतम 40 विद्यार्थियों के लिए सीटें उपलब्ध करवाई जाएंगी। कक्षा पहली से ग्यारहवीं के लिए बनाये जाने वाले इन अतिरिक्त सैक्सन में 50% सीटें विद्यालय के उन हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों लिए होंगी जो अपनी अगली पढ़ाई अब अंग्रेजी माध्यम से करना चाहते हैं तथा बाकी 50% सीटें अन्य स्कूलों से आने वाले अर्थात बाहरी विद्यार्थियों के लिए होंगी। यदि विद्यालय में पहले से पढ़ रहे विद्यार्थी अंग्रेजी माध्यम नहीं चुनते हैं तो यह सीटें बाहरी विद्यालयों से आने वाले विद्यार्थियों को उपलब्ध करवा दी जाएंगी। यदि दाखिले के इच्छुक विद्यार्थियों की संख्या एक सैक्शन से अधिक होती है, उस स्थिति में विद्यालय प्रबन्धन समिति (SMC) को अधिकृत किया जाएगा कि वे विद्यालय के कमरों की संख्या, अध्यापकों की उपलब्धता के आधार पर सैक्शन की संख्या बढ़ा सकते हैं।
2. **राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों** (Bag Free English Medium Schools) में **दाखिला प्रक्रिया:–** इसके लिए प्रत्येक विद्यालय की पहली कक्षा में एक अनुभाग (अर्थात सैक्शन जिसमें कम से कम 30 विद्यार्थी होंगे) स्थापित किया गया है। इस वर्ष कक्षा पहली और दूसरी ही अंग्रेजी माध्यम से चलेगी। यहां उल्लेख है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी की अध्यक्षता में दिनांक 15.07.2020 को हुई बैठक में लिये गए निर्णयों के अनुसार हरियाणा स्कूल शिक्षा नियमावली 2003 में 134 A के अनुसार पात्र विद्यार्थियों के लिए इन विद्यालयों में आरक्षण की व्यवस्था की गई है जो निम्नानुसार है:–



Scanned with CamScanner

| Sr. No. | Income Group | Seat Reserve (%) | No. of Seats |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार तक (Annual income upto 1.80 lac) | 20% | 06 |
| 2. | वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार से अधिक तथा दो लाख चालीस हजार तक (Annual income above 1.80 lac and upto 2.40 lac) | 10% | 03 |

इसके अतिरिक्त शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(C) के तहत आरक्षण भी दिया जाना है जो निम्नानुसार है:–

| Sr. No. | Category of Candidate in 12 (1)(C) | Seat Reserve (25%) | No. of Seats |
|---|---|---|---|
| 1. | SC | | 03 |
| 2. | BC 'A' | | 02 |
| 3. | BC 'B' | | 01 |
| a. | CWSN (दिव्यांग) अनाथ बच्चे / HIV प्रभावित बच्चे | | 02 |

3. आवेदन के लिए तिथियां:–

| | |
|---|---|
| विद्यालय मुखिया द्वारा आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि | 01 अप्रैल, 2021 से 10 अप्रैल, 2021 |
| माता–पिता / अभिभावकों द्वारा आवेदन जमा करवाने की तिथि | 01 अप्रैल, 2021 से 10 अप्रैल, 2021 |
| दाखिला प्रक्रिया आरम्भ | 01 अप्रैल, 2021 |
| प्रतीक्षा सूची का दाखिला | 01 मई, 2021 |

4. **आयु सीमा:–** पहली कक्षा में दाखिले के इच्छुक बालक / बालिका की आयु 01 अप्रैल, 2021 को पाँच वर्ष होनी अनिवार्य है। अतः बच्चे का जन्म 31 मार्च, 2016 से पूर्व होना चाहिए।

5. **आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज:–**

i. जन्म का प्रमाणपत्र – अस्पताल / दाई का रजिस्टर अभिलेख, आंगनवाड़ी अभिलेख, माता–पिता अथवा संरक्षक का आयु के लिए शपथ पत्र।

ii. रिहायश का प्रमाण पत्र – आधार कार्ड / परिवार पहचान पत्र।

iii. आवेदन का फार्म – विभाग द्वारा पहले से ही तैयार किये गए आवेदन फार्म पर ही भरना होगा। यह आवेदन फार्म स्कूल द्वारा माता–पिता / अभिभावकों को निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा।

iv. किसी भी बच्चे को दस्तावेज के अभाव में दाखिले से वंचित नहीं किया जाएगा। बच्चे / अभिभावक को अस्थाई दाखिला देकर 30 दिन का समय प्रदान किया जाएगा।

v. यदि आरक्षित सीटों के लिए समुचित संख्या में आवेदन नहीं आते हैं तो इन सीटों को सामान्य श्रेणी से भरा जाएगा।

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृते: निदेशक माध्यमिक शिक्षा
हरियाणा पंचकूला

पृष्ठांकन क्रमांक समः

दिनांक, पंचकूला 01.04.2021

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1. वरिष्ठ सचिव, माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव, विद्यालय शिक्षा हरियाणा, चण्डीगढ।
2. निजी सहायक, माननीय महानिदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
3. निजी सचिव, माननीय निदेशक सैकेण्डरी शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृते: निदेशक माध्यमिक शिक्षा
हरियाणा पंचकूला



Scanned with CamScanner